**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**11.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज वर्चुअली बिलासपुर को तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं की सौगात देंगे। इन परियोजनाओं में कोलडैम में वाटर स्पोर्टस गतिविधियों के शुभारंभ के साथ ही देश के पहले ग्रीन डीसी ऑफिस व सिटी लाइवलीहुड सेंटर का लोकार्पण करेंगे। गौरतलब है कि यह तीनों परियोजनाएं जिला बिलासपुर के सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। दोपहर बाद मुख्यमंत्री का दिल्ली से शिमला लौटने का कार्यक्रम है।

**अमित शाह– नशीले पदार्थ**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार पूरी ताकत से ड्रग माफियाओं को खत्म कर रही है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में एजेंसियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत बनाने की दृष्टि से देश की एजेंसियों ने ड्रग माफियाओं पर नकेल कसने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाए हैं और 24 करोड़ 32 लाख रुपये मूल्य की 30 किलोग्राम से अधिक मेथम फेटामाइन की गोलियां जब्त की हैं और असम से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि ड्रग माफियाओं के खिलाफ सरकार का अभियान तीव्र गति से जारी रहेगा।

**सिल्क रूट**

प्रदेश की हसीन वादियों में एक बार फिर आज से रोमांच और साहस का अद्‌भुत संगम देखने को मिलेगा। हिमालयन एक्सपीडिशन द्वारा शिमला के नारकंडा से सराहन तक तीन दिवसीय सिल्क रूट अल्ट्रा ट्रेल रन का आयोजन किया जा रहा है। आज दोपहर बाद राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल नारकंडा से इस दौड़ का शुभारंभ करेंगे। द हिमालयन एक्सपीडिशन के सदस्य लक्ष्य व्रत ने बताया कि चार श्रेणियों में आयोजित इस दौड़ में विभिन्न राज्यों के 250 से अधिक धावक हिस्सा लेंगे। इसके अलावा तीन अंतरराष्ट्रीय धावक भी इस ट्रेल रन में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

**मौसम**

प्रदेश के हमीरपुर व चंबा जिले को छोड़कर अधिकतर जिलों में आज दिन की शुरूआत साफ मौसम के साथ हुई है। हालांकि बीते कल सिरमौर, शिमला व मंडी जिला के कई इलाकों में वर्षा, ओलावृष्टि व तेज हवाएं चलने से सेब, मटर, गुठलीदार फलों सहित अन्य फसलों को नुकसान पहुंचा है। इस ओलावृष्टि व हल्की वर्षा के बाद तापमान में भी गिरावट आई है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता....

**सूही मेला**

चंबा वासियों की प्यास बुझाने के लिए अपना बलिदान देने वाली रानी सुनयना की याद में मनाया जाने वाला ऐतिहासिक सूही मेले का आज दूसरा दिन है। तीन दिनों तक चलने वाले इस मेले में सूही माता की चंबा शहर में शोभा यात्रा निकाली जाती है और मेले में गद्दी समुदाय की महिलाओं का सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहता है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे चंबा संवाददाता....

**अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..........................**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है **एनएच पांच के किनारे अवैध ढांचे और दुकानें हटाने के हाईकोर्ट ने दिए आदेश।**

दैनिक जागरण की एक खबर है **कम दाखिले वाले स्कूलों का घटेगा दर्जा, संकाय होंगे मर्ज।**

**रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाने की सिफारिश** शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है **डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री की कैबिनेट सब कमेटी ने सरकार को सौंपी रिपोर्ट।** हिमाचल दस्तक के मुताबिक **कर्मचारियों की सेवानिवृति आयु 59 साल करने का प्रस्ताव।**

विमल नेगी मौत मामले पर पंजाब केसरी व दैनिक सेवरा टाइम्स के लगभग एक जैसे शब्द हैं **निलंबित निदेशक देशराज से तीन घंटे पूछताछ, मुख्यमंत्री को आज राकेश कंवर सौंपेंग जांच रिपोर्ट।**

मौसम से जुड़ी खबर को भी आज अधिकतर अखबारों ने अपनी प्रमुख खबर बनाया है। दैनिक भास्कर का कहना है **सिरमौर, मंडी समेत चार जिलों में ओलावृष्टि से फसल को नुकसान।** आपका फैसला के अनुसार **लाहौल स्पीति की चोटियों पर ताजा हिमपात, प्रदेश के कई भागों में बारिश–ओलावृष्टि।**

**इसी के साथ यह समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते है सुबह 11 बजे नमस्कार ।**